न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ
पीठासीन अधिकारी श्री अजीत सिंह राठौड (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 105/2022

उनवान

1. श्री भैरू लाल पुत्र डालू जाट नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
2. आशा पुत्री श्री उदय लाल जाट नि0 पासल तह. भीलवाडा।
3. डालू पुत्र हजारी जाट नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
4. श्रीमती तेजू पत्नी श्री नारायण जाट नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
5. देबी लाल पुत्र श्री छीतर जाट नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
6. नन्दा पुत्र श्री कालू जाट नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
7. बदाम देवी पत्नी श्री उदय लाल जाट नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
8. श्रीमती बदामी पत्नी श्री छीतर जाट नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
9. भैरू लाल पुत्र श्री उदय लाल जाट नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
10. राजू लाल पुत्र श्री सोहन लाल जाट नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
11. लेहरू लाल पुत्र जगनाथ जाट नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
12. शंकर लाल पुत्र श्री छीतर जाट नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।

––प्रार्थीगण

बनाम

1. विनोद पुत्र श्री देवीदास वैष्णव नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
2. लादू पुत्र श्री महावीर नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
3. राधेश्याम पुत्र श्री बालूदास नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
4. राजू पुत्र श्री देवीदास नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
5. मदनदास पुत्र श्री महावीर नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
6. कानादास पुत्र श्री माधुदास वैष्णव नि0 भैसाकुण्डल तह0 हमीरगढ।
7. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज)

–––अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956
निर्णय दिनांक 28.03.2023

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान भूॅ–राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 04.07.2022 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम भैसाकुण्डल प.ह. देवली भू0अभि0नि0 क्षैत्र बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की खाता संख्या 327 की कृषि भूमि की आ0न0 1030/383 रकबा 0.1138है0, आ0न0 1031/383 रकबा 0.2403है0, आ0न0 1032/383 रकबा 0.1012है0 आराजी नम्बर 383 रकबा 0.4299है0 आ0न0 386 रकबा 0.7840है0 कुल किता 05 रकबा 1.6692है0,** भूमि स्थित है। वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडोसी है प्रार्थी एव विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 11.07.2022 को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या 01 एवं 06 बावजूद विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

–::आदेश::–

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है **ग्राम भैसाकुण्डल प.ह. देवली भू0अभि0नि0 क्षैत्र बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा में उसके खाते की खाता संख्या 327 की कृषि भूमि की आ0न0 1030/383 रकबा 0.1138है0, आ0न0 1031/383 रकबा 0.2403है0, आ0न0 1032/383 रकबा 0.1012है0 आराजी नम्बर 383 रकबा 0.4299है0 आ0न0 386 रकबा 0.7840है0 कुल किता 05 रकबा 1.6692है0,** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 700/–रू0 पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/–रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 28.03.2023 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(अजीत सिंह राठौड)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ (राज.)